# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.05.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- नगरपालिका परिषद में उप–समितियों का गठन किया गया है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में चौबीस सीटों के लिए इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है।
- स्वराज द्वीप में परिवार नियोजन शिविर आयोजित किया गया।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।
- एम वी स्वराजद्वीप के कल दोपहर बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद में उप–समितियों के गठन के लिए हाल ही में चुनाव कराया गया। नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में सदस्यों की बुलाई गई विशेष बैठक में शिक्षा और सामाजिक न्याय उप–समिति के लिए वाई. जोगा राव को अध्यक्ष चुना गया, जबकि वित्त, कर और लेखा उप–समिति में टी. मंगई करसी को अध्यक्षा चुना गया। जन–स्वास्थ्य और स्वच्छता उप–समिति में संजीव रेड्डी, जल कार्यों की उप–समिति मे वसंता और कार्य, शहरी विकास योजना और सुधार उप–समिति में डी. राधिका को अध्यक्ष बनाया गया है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में चौबीस सीटों के लिए इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है, जो दो महीने अवधि के लिए है। इस वर्ष तीन जून से इंटर्नशिप की शुरूआत होगी। ऑनलाइन साइट खुली हुई है और उम्मीदवार इक्कीस मई तक इसके जरिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को जानकारी देने के लिए मंत्रालय की ओर से इंटर्नशिप दिशा–निर्देश अधिसूचित किया गया है। इच्छुक विद्यार्थियों से दिए गए लिंक के जरिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से अनुसूचित जाति और ओ बी सी के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ग के उम्मीदवारों को बेहतर कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में शामिल हो सके और सरकारी, निजी क्षेत्रों में रोजगार पा सके या तकनीकी या पेशेवर उच्च शिक्षण संस्थानों में उनका दाखिला हो सके। एस टी और ओ बी सी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनकी पारिवारिक आमदनी सालाना किसी भी स्रोत से आठ लाख रूपये या उससे कम है, वे निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों के पास वैध आधार नम्बर और बैंक खाता होना जरूरी है। आवेदन करते समय यदि किसी विद्यार्थी के पास आधार नम्बर नहीं है, तो वे पी आई डी नम्बर जमा कर सकते हैं। हालांकि इस मामले में भुगतान तभी जारी किया जाएगा, जब आवेदक के पास आधार नम्बर होगा और उन्हें यह भुगतान आधार सिडेड बैंक खाते में ही हो पाएगा। इस बारे में और जानकारी के लिए उम्मीदवारों

को दिए गए पोर्टल पर सीधे आवेदन करना होगा। इस महीने की इक्कतीस तारीख आवेदन करने की अंतिम तिथि हैं।

<><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले दम्पतियों को लेप्रोस्कोपिक परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जाती है। पिछले कई दिनों के बाद हाल ही में स्वराज द्वीप में परिवार नियोजन लेप्रोस्कोपिक शिविर का आयोजन किया गया। छः से नौ मई तक आयोजित शिविर में डॉ. एम. के साहा, डॉ. नारायणन राजाराम और उनकी टीम द्वारा सत्तर से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया। केन्द्रशासित स्वास्थ्य मिशन, अनिम्स और स्वराज द्वीप के आयुष्मान अरोग्य मंदिर के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ।

<><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने जी. बी. पंत अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली भोजन सेवा में सुधार करने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने मरीजों को सीमित मात्रा में विभिन्न प्रकार के संतुलित आहार दिए जाने का मुद्दा उठाते हुए मरीजों की बीमारी अनुसार उन्हें उचित मात्रा में पौष्टिक आहार देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब तक बड़ी मात्रा में सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की निगरानी में रंगत, मायाबंदर, तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से कई वर्ग मीटर ज़मीन को

खाली कराया गया। इन ज़मीनों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा सुपारी के पेड़, अस्थाई ढांचा, बगीचा और क्षेत्रों का घेराव करके अतिक्रमण किया गया था। आने वाले दिनों मे भी जिलों में यह अभियान जारी रहेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने साइबर अपराध से लोगों को जागरूक करने के लिए परामर्श जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि धोखाधड़ी के नए–नए तरीके विकसित हो रहे हैं। बैंक लेन–देन का ओ टी पी प्राप्त करने और लोगों के ई–मेल पते, स्मार्ट फोन तक पहुंच प्राप्त करने के लिए अपराधी फर्जी डिलिवरी पार्सल घोटाले के माध्यम से कई लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। ये घोटाले अक्सर उन लोगों द्वारा किए जाते हैं, जो डिलिवरी एजेंटों या डिलिवरी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हैं। जब उन्हें पता चलता है कि किसी खास व्यक्ति को विभिन्न ई–कॉमर्स कम्पनियों से बहुत सारे पैकेज मिलते हैं, तो वे उन्हें अपने जाल में फंसाने की योजना बनाते हैं। इस संबंध में अंडमान निकोबार पुलिस ने परामर्श जारी करते हुए कहा है कि किसी भी पैकेज को स्वीकार या रद्द करने से पहले अपने ऑर्डर और संभावित डिलिवरी तिथियों की पुष्टि करें। पैकेज डिलिवरी के दौरान प्राप्त एस एम एस में किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी जानकारी या ओ टी पी को खोलने से पहले लिंक की जांच करें। अपने व्यक्तिगत विवरण जैसे पता, ई–मेल आईडी, फोन नम्बर आदि साझा न करें। अप्रत्याशित डिलिवरी नोटिस पर किसी भी लिंक पर क्लिक या नम्बर पर वापस कॉल न करें। आम जनता किसी भी प्रकार की

सहायता, जानकारी या पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से सम्पर्क या हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य पर डायल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

हर वर्ष की भांति इस साल भी इक्कीस जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस साल भी इक्कीस जून को द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में योग सत्र का आयोजन किया जाएगा और इसमें सभी सरकारी विभागों का सहयोग भी लिया जाएगा। आयुष मंत्रालय की ओर से तैयार सामान्य योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। पन्द्रह मई से इक्कतीस मई तक सुबह साढ़े नौ बजे से दिन में साढ़े ग्यारह बजे तक गर्ल्स स्कूल के सभागार में यह प्रशिक्षण चलेगा। सूची में शामिल विभिन्न विभागों और संगठनों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने–अपने विभागों और संगठनों से निर्धारित तिथि में प्रशिक्षुओं को नियुक्त करें।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप के कल दोपहर बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में करीब पांच सौ सोलह यात्री सवार हैं। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में दिव्यांजनों के आयुक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। दिए गए फोन नम्बर पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के एकाध भागों में वर्षा हुई। कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक नौ मिलीमीटर और लांग आइलैंड में तीन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में तेज हवाओं के साथ बादल गरजने या बिजली चमकने की संभावना है। कल का अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सत्ताईस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

<><><><><><><>